सतरंगी सप्ताह के तहत रंगोली पर दीपमाला सजाई, मतदान करने का संदेश दिया



सतरंगी सप्ताह के तहत पाली के लाखोटिया उद्यान में दीपदान के साथ आतिशबाजी की। फोटो-राष्ट्रदूत

सतरंगी सप्ताह के तहत जिला मुख्यालय पर नगर परिषद् परिसर में दीपदान कार्यक्रम किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर जिले में घर-घर पीले चावल बांटकर 26 अप्रेल को मतदान का निमंत्रण दिया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (का.सं.)। सतरंगी सप्ताह के तहत जिला, उपखण्ड व ग्राम पंचायत स्तर पर मतदाता जागरूकता के लिए मंगलवार को सायंकाल दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों व विद्यालयों के ईएलसी व वीएएफ प्रभारी, 18 समस्त विद्यार्थी, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट, नर्सिंग प्रशिक्षणार्थी, आईटीआई प्रशिक्षणार्थी, शहरी व ग्रामीण नरेगा मजदूर, नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवक, नगर परिषद कार्मिक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका, राजीविका सदस्य, पंचायत कार्मिक, वीडीओ, बीएलओ, सुपरवाईजर सहित समस्त विभागों के अधिकारी-कार्मिकों ने दीपदान कर मतदाताओं को 26 अप्रेल, मतदान दिवस पर शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया गया।

सतरंगी सप्ताह के तहत जिला मुख्यालय पर नगर परिषद् परिसर में दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्वीप प्रभारी व जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी सहित जिला शिक्षा अधिकारी भैराराम, एसी ओ चिदम्बरा, विकास अधिकारी प्रदीप मायला, नगर परिषद के एटीपी शिवदान जांगिड़ व नरेंद्र परिहार ने बहुरंगी सजी रंगोली पर दीपमाला सजाकर दीपदान के जरिए जिले के मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान की अपील की।

दीपदान के लिए रंगोली और दीपमाला सजावट स्वीप टीम सदस्य प्रियंका शर्मा, दयावति चारण, ललित ठाकुर, कविता आचार्य द्वारा की गई।

इस अवसर पर स्वीप टीम के श्वर सिंह, पवन ओझा, संदीप जोशी, विक्रम पुरी, निशा कुट्टी, अनंत भट्ट, हिंगलाजदान, किरण सिंह, राधाकृष्ण सहित स्थानीय नागरिक, शिक्षक, नर्सिंग विद्यार्थी, स्काउट्स आदि उपस्थित रहे।

जिलेभर में स्वीप गतिविधियों के तहत बीएलओ, बीएजी ग्रुप के सदस्यों एवं स्थानीय कार्मिकों द्वारा घर-घर पीले चावल बांटकर 26 अप्रेल को मतदान दिवस पर लोकतंत्र की मजबूती के लिए मत का प्रयोग करने के लिए मतदाताओं को आमंत्रित किया जा रहा हैं।

केशवना ग्राम में मतदाताओं को 26 अप्रेल को मतदान दिवस पर मतदान के लिए मनुहार करने के साथ ही न्योता पत्रिका और पीले चावल देकर न्योता दिया गया।

हेला टोली करेगी लोगों को जागरूक

26 अप्रेल को प्रातः 7 बजे से हेला-टोली के सदस्य मतदाताओं को मतदान करने का याद दिलाने के लिए गांव के मुख्य मार्गों, चौराहों, चौहटों व गलियों में जाकर शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं से अपील कर उन्हें मतदान के लिए जागरूक करेंगे।

आतिशबाजी की

पाली,(नि.सं.)। लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एलएन मंत्री एवं नोडल प्रभारी स्वीप नन्दकिशोर राजौरा के निर्देशन में चल रहे सतरंगी सप्ताह के तहत शहर के लाखोटिया उद्यान में दीपदान के साथ ही भव्य आतिशबाजी कर आमजन को 26 अप्रैल के दिन ज्यादा से ज्यादा मतदान करने का संकल्प दिलाया गया।

सहायक रिटर्निंग अधिकारी अशोक कुमार विश्नोई ने बताया कि स्वीप गतिविधियों के तहत सतरंगी सप्ताह का आयोजन किया गया था जिसमें सातों दिन अलग-अलग कलर एवं थीम पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर सभी से लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने का संकल्प दिलाया गया। सप्ताह के अंत में लाखोटिया उद्यान में विभिन्न समुदाय एवं महिला मण्डल की कार्यकर्ताओं द्वारा गऊ घाट पर रंग बिरंगे दीपक जलाकर व भव्य आतिशबाजी की गई। जिससे आमजन में मतदान के प्रति उत्साह देखा गया। उन्होंने बताया कि इस मौके पर सभी ने केनवास पर अपने हस्ताक्षर करते हुए शत प्रतिशत मतदान करने की बात कहीं।

पाली तहसीलदार जितेन्द्र बबेरवाल ने सभी को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था एवं लोकतांत्रिक परम्परा की मर्यादा को बनाए रखते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांति पूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, मूल, वंश, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना 26 अप्रैल को अपने मताधिकार का उपयोग करने की शपथ दिलाई।

इस मौके पर स्वीप प्रभारी अनिल नामा, मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह परिहार, प्रकाश जोशी, अजयपालसिंह, प्रदीप कुमार वर्मा, आईदान जांगिड़, लोकेश पंवार, जगदीश माली, श्रीमती प्रकाश कंवर समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

सांस्कृतिक आदान-प्रदान का कार्यक्रम आयोजित

केन्द्रीय विद्यालय बनाड़ जोधपुर में असम के केंद्रीय विद्यालय दिनजान के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान का कार्यक्रम हुआ।

जोधपुर, (कासं) । पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बनाड़ जोधपुर में बुधवार को एक भारत श्रेष्ठ भारत शृंखला के तहत भारत के सुदूर उत्तर-पूर्वी राज्य असम के केंद्रीय विद्यालय दिनजान के साथ विविधता में एकता भरा सांस्कृतिक आदान-प्रदान का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित हुआ।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संपन्न इस भव्य कार्यक्रम में दोनों केन्द्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने विभिन्न उत्कृष्ट प्रस्तुतियां दी। सर्वप्रथम प्राचार्य विष्णु दत्त टेलर ने दीप प्रज्वलन किया। तत्पश्चात उन्होंने केंद्रीय विद्यालय दिनजान के प्राचार्य नाथू राम जांगिड़ को स्वागत स्वरुप प्रतीकात्मक साफ़ा भेंट किया। विद्यालय के छात्र तुषार गौड़ ने पीपीटी के माध्यम से राजस्थान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों ने राजस्थानी संस्कृति की सुगंध समेटे विभिन्न गीत, संगीत, नृत्य के कार्यक्रम पेश किए। छात्र पुष्पेन्द्र सिंह ने वीर दुर्गादास राठौड़ पर केन्द्रित राजस्थानी कविता का पाठ किया।

प्राचार्य विष्णु दत्त टेलर ने एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत भारत सरकार की इस अद्भुत पहल का स्वागत किया और विद्यार्थियों के लिए भारत को करीब से जानने का इसे सर्वश्रेष्ठ अवसर बताया। केंद्रीय विद्यालय दिनजान के विद्यार्थियों ने भी असम की संस्कृति को प्रदर्शित करने वाली उम्दा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

अंत में इस कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. सुनीता यादव ने इस कार्यक्रम में सहयोग के लिए शिक्षकों पवन टाक, विक्रम सिंह, सोहन लाल शर्मा, पायल वर्मा, गगन जोत, गिरीन्द्र तलेगांवकर, केशव वरनोती, दीप्ति जीनगर के प्रति आभार प्रकट किया।



जैसलमेर के नगर आराध्य देव लक्ष्मीनाथजी के मंदिर में बुधवार को छप्पन भोग का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर संसदीय क्षेत्र में कुल 2297328 मतदाता

जालोर, (नि.सं.)। जालोर संसदीय क्षेत्र (18) में लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए 26 अप्रेल को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान होगा। रिटर्निंग अधिकारी पूजा पार्थ ने बताया कि जालोर संसदीय क्षेत्र (18) में कुल 22 लाख 97 हजार 328 मतदाता हैं जिनमें से 12 लाख 5 हजार 535 पुरूष व 10 लाख 91 हजार 778 महिला तथा 15 थर्ड जेण्डर मतदाता है।

उन्होंने बताया कि जालोर व सांचौर जिले में कुल 1471800 मतदाता हैं जिनमें से 7 लाख 75 हजार 884 पुरूष व 6 लाख 95 हजार 912 महिला तथा 4 थर्ड जेण्डर मतदाता है तथा सिरोही जिले में कुल 825528 मतदाता हैं जिनमें से 4 लाख 29 हजार 651 पुरूष व 3 लाख 95 हजार 866 महिला तथा 11 थर्ड जेण्डर मतदाता है। -

जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा पार्थ ने लोकसभा आम चुनाव-2024 को दृष्टिगत रखते हुए जालोर व सांचौर जिले में मतदान केन्द्र स्थापित विद्यालयों सहित मतदान दलों के रूकने तथा मतदान संबंधी कार्यों में प्रयुक्त विद्यालयों में 25 व 26 अप्रेल को अवकाश घोषित किया हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा पार्थ ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 को दृष्टिगत रखते हुए जालोर व सांचौर जिले के वे विद्यालय जिनमें मतदान केन्द्र स्थापित है तथा मतदान दलों के रूकने तथा मतदान संबंधी कार्य सम्पन्न किया जाना हैं, उन विद्यालयों में 25 व 26 अप्रेल, 2024 को अवकाश रहेगा।

48 घंटे पूर्व से रहेगा सूखा दिवस

पूजा पार्थ ने आदेश जारी कर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव-2024 के घोषित कार्यक्रम के अनुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135-ग के प्रावधानों के तहत जिले में मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से अर्थात 24 अप्रेल, 2024 को सायंकाल 6 बजे से मतदान दिवस 26 अप्रेल, 2024 को सायं 6 बजे तक मतदान समाप्ति तक सूखा दिवस घोषित किया है।

पुनर्मतदान की स्थिति में भी पुनर्मतदान की घोषणा से पुनर्मतदान की तिथि को पुनर्मतदान की समाप्ति तक सम्बन्धित केन्द्र एवं केन्द्रों के क्षेत्रों में सूखा दिवस रहेगा।

मतगणना दिवस 4 जून को भी शुष्क दिवस घोषित रहेगा।

जे.डी.ए. ने अनाधिकृत पोस्टर एवं बैनर हटाए

जोधपुर में बिना अनुमति व अनाधिकृत रूप से लगे पोस्टर व बैनरों को हटो की कार्रवाई की।

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार प्राधिकरण के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा नियमित रूप से कार्रवाई कर प्राधिकरण गैंट्रीज पर बिना अनुमति व अनाधिकृत रूप से लगे पोस्टर व बैनरों को हटाया जा रहा है। लोकसभा आम चुनाव-2024 की आदर्श आचार संहिता की अनुपालन में प्राधिकरण दस्ते द्वारा बुधवार को सघन कार्यवाही करते हुए विभिन्न स्थानों पर अवैध व अनाधिकृत रूप से लगे पोस्टर, फ्लैक्स एवं बैनरों को हटाया गया।

उप सचिव एवं भूमि अवाप्ति अधिकारी जेडीए कंचन राठौड एवं मुख्य नियंत्रक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विनीता के निर्देशानुसार प्रवर्तन अधिकारी उत्तर प्रवीण गहलोत, प्रवर्तन निरीक्षण पश्चिम मय जेडीए दस्ते द्वारा जोधपुर शहर में विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए गैंट्रीज के साइनेज पर बिना अनुमति और अनाधिकृत रूप से लगे पोस्टर, फ्लैक्स एवं बैनरों को स्काई लैब की सहायता से हटाया गया। साथ ही शाम को 6:00 बजे के बाद सभी उम्मीदवारों को आवंटित एवं अनुमोदित स्थानों पर से भी आदर्श आचार संहिता की अनुपालन में पोस्टर, फ्लैक्स एवं बैनरों को स्काई लैब की सहायता से हटाया जा रहा है।

बाइक चोरी का आरोपी पकड़ा

जोधपुर, (कासं) । शहर के पावटा बी रोड पर बीस दिन पहले चोरी हुई एक बाइक के संबंध में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर चोरी की बाइक को जब्त किया गया है। अन्य घटनाओं के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

महामंदिर पुलिस ने बताया कि मूलतः पाली जिले के सिरीयारी हाल पावटा बी रोड पर एक दुकान में काम करने वाले कूपसिंह पुत्र जैतसिंह ने रिपोर्ट दी कि 3 अप्रेल को उसने अपनी एक बाइक को दुकान के सामने खड़ा किया था। रात को यह अपने स्थान पर नहीं मिली। पुलिस ने बाइक चोरी का प्रकरण दर्ज कर अब वाहन चोरी के आरोप में तेलियों का बास गोदावास भोपालगढ़ हाल नृसिंहपुरा सोजतसिटी निवासी बरकत पुत्र अमराराम को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक को जब्त किया गया।

अशोक गहलोत के लिए जालोर सीट प्रतिष्ठा का सवाल बनी

जालोर, (कासं)। जालोर-सिरोही लोकसभा सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी वैभव गहलोत के लिए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से भीनमाल को जिला नहीं बनाना अब वैभव के लिए मुसीबत बनी हुई है। इस चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी वैभव गहलोत के लिए भीनमाल, बागोड़ा और रानीवाड़ा क्षेत्र में स्थानीय मुद्दे के तौर पर जिले का मामला सबसे महत्वपूर्ण बना हुआ है। यहां के लोगों का कहना है कि अशोक गहलोत ने भीनमाल को जिला नहीं बनाकर भीनमाल बागोड़ा और रानीवाड़ा की जनता के साथ सौतेला व्यवहार किया और अब वोट के लिए गहलोत लगातार यहां पर दौरे कर रहे हैं। ऐसे में जिला नहीं बनने से यहां के लोगों में खासा आक्रोश देखा जा रहा है जिसका खामियाजा इस चुनाव में वैभव गहलोत को झेलना पड़ सकता है।

■ भीनमाल, रानीवाड़ा और बागोड़ा की मांग के बावजूद भीनमाल जिला नहीं बनाने से लोगों में आक्रोश

राजस्थान की राजनीति में अशोक गहलोत का एकछत्र साम्राज्य रहा है तथा राजनीति में वे जादूगर हैं, लेकिन उनके पुत्र के लिए जालोर-सिरोही में जादू चलने वाला नहीं है।

द्वितीय चरण में जालोर-सिरोही सीट सबसे हॉट सीट बन गई है। जालौर सिरोही लोकसभा सीट से पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने अपने बेटे वैभव गहलोत को चुनाव मैदान में तो उतार दिया, लेकिन अशोक गहलोत लगातार भीनमाल बागोडा और रानीवाड़ा क्षेत्र में वैभव गहलोत के समर्थन में अब जनता को रिझाने के लिए लगे हुए हैं और दिल जीतने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री रहे अशोक गहलोत ने भीनमाल को जिला नहीं बनाकर भीनमाल बागोड़ा और रानीवाड़ा के लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। भीनमाल बागोडा और रानीवाड़ा क्षेत्र के लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भीनमाल को जिला बनाने के लिए कई बार यहां के लोगों की ओर से आंदोलन किया और बहुत दिनों तक करीब 2 महीने तक धरना प्रदर्शन किया गया और संघर्ष समिति की ओर से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से कई बार मुलाकात भी की गई, लेकिन सिवाय आश्वासन के उनकी ओर से बाद में बनाए गए तीन जिलों के दौरान भी भीनमाल को जिला बनाने की घोषणा नहीं की गई और बागोड़ा और रानीवाड़ा को सांचौर जिले में जोड़ दिया। जिससे आज भी अशोक गहलोत के प्रति लोगों में खासा गुस्सा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जब अशोक गहलोत के पास जाकर आग्रह कर रहे थे तब अशोक गहलोत लोगों की सुन नहीं रहे थे। लेकिन अब उनके बेटे को यहां से प्रत्याशी बनाए जाने के बाद अब लोगों के बीच आ रहे हैं। लोगों का कहना है कि इस चुनाव में भीनमाल को जिला नहीं बनाना अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत के लिए करारी हार तय करेगा। इसका खामियाजा पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को एक बार फिर झेलना पड़ेगा। माली समाज के वोट बैंक के सहारे गहलोत ने अपने बेटे के लिए इस सीट को सबसे मुफीद समझा। राजनीति के आखिरी पड़ाव पर आ चुके सीएम गहलोत के लिए ऐसे में यह सीट अब नाक की लड़ाई बन चुकी है।

केंद्र से 200 मीटर के दायरे में प्रत्याशियों का बूथ नहीं बनेगा

पाली, (नि.सं.)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान 26 अप्रैल 2024 को मतदान दिवस के अवसर पर मतदान केंद्रों के बाहर की तरफा विभित्र गतिविधियों को लेकर निर्वाचन आयोग की ओर से समय-समय पर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इसकी पालना करने के निर्देश दिए गए है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एलएन मंत्री ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान मतदान के दिन चुनाव बूथ स्थापित और संचालित करते हैं, तो इसको लेकर निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पालना करनी होगी। मतदान केन्द्र से 200 मीटर के दायरे में कोई चुनाव बूथ स्थापित नहीं किया जाएगा। जहां एक ही जगह पर एक से अधिक मतदान केन्द्र स्थापित किए गए है।

बाड़मेर और जैसलमेर में अभिनेत्री कंगना रनौत का चुनावी रोड शो

जैसलमेर में कंगना रनौत ने भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी के लिए वोट मांगे।

बाड़मेर/जैसलमेर, (निसं)। चुनाव प्रचार का अंतिम दिन होने के कारण बुधवार को बाड़मेर, जैसलमेर, बालोतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी के समर्थन में फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत का तीनों जिला मुख्यालय पर रोड शो हुआ। कंगना रनौत सबसे पहले जैसलमेर जिला मुख्यालय पहुंची, जहां पर भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी और जैसलमेर विधायक छोटू सिंह भाटी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में आम जन के साथ रोड रोड आयोजित हुआ।

हनुमान चौराहा से गड़ीसर तालाब तक निकले रोड शो का बाजार में जगह-जगह पर फूलों की बारिश से स्वागत किया गया। भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय श्रीराम सहित मोदी-मोदी के नारों के साथ रोड शो में भाजपा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में आमजन सम्मिलित हुए। भाजपा लोकसभा मीडिया प्रभारी रमेश सिंह इंदा ने बताया कि बाड़मेर जिला मुख्यालय पर विवेकानंद सर्किल से शुरू होकर अहिंसा सर्कल, पालिका बाजार और मुख्य बाजार से होते हुए भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी के समर्थन में फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत और अंतरराष्ट्रीय पहलवान द ग्रेट खली की ओर से चुनावी रोड शो हुआ। रोड शो में नागौर से भाजपा की प्रत्याशी डॉ. ज्योति मिर्धा, बाड़मेर विधायक डॉ. प्रियंका चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप पालीवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और हजारों की संख्या में आमजन की उपस्थिति रही। फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत की एक झलक पाने के लिए कार्यकर्ता और आमजन उत्साहित रहे।

कंगना रनौत ने रोड शो में उत्साह के साथ भारत माता की जय और जय श्री राम के नारे लगाकर आमजन और कार्यकर्ताओं से भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी को जीताने का आव्हान किया। बाड़मेर में रोड शो संपन्न होने के बाद फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत, अंतर्राष्ट्रीय पहलवान द ग्रेट खली और भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी बालोतरा में रोड शो के लिए रवाना हुए। बालोतरा जिला मुख्यालय पर हुए रोड शो के साथ लोकसभा चुनाव प्रचार संपन्न हुआ।

जैसलमेर संवाददाता के अनुसार : भाजपा की स्टार प्रचारक कंगना रनौत ने भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी के लिए जैसलमेर में रोड शो किया। गाड़ी में कंगना रनौत के साथ भाजपा के बाड़मेर-जैसलमेर प्रत्याशी कैलाश चौधरी और राजयसभा सांसद राजेंद्र गहलोत रहे।